फ्रांस के इंस्टीट्यूट व आईआईटी पटना के मध्य अकादमिक सहयोग के लिये समझौता

चर्चा में क्यों?

14 अक्तूबर, 2023 को आईआईटी पटना और फ्राँस के इंस्टीट्यूट नेशनल पॉलिटेक्निक डी टूलूज (टूलूज आईएनपी) के मध्य अकादमिक सहयोग के लिये एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ। यह समझौता ज्ञापन दोनों संस्थानों के बीच सिबायोटिक संबंधों को बेहतर करने के लिये किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- समझौता ज्ञापन पर आईआईटी पटना के निदेशक प्रो. टी. एन. सिंह, डॉ. आसिफ इकबाल एसोसिएट डीन, रिसोर्सेज आईआईटी पटना, डॉ. राजू हलदर एसोसिएट प्रोफेसर (सीएसई) आईआईटी पटना और प्रोफेसर पास्कल मौसविन, उपाध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय संबंध, यूनिवर्सिटी डेटूलूड, फ्राँस द्वारा हस्ताक्षर किये गए।
- यह समझौता दोनों संस्थान ने आपसी हित के विषयों पर विभिन्न अल्पकालिक कार्यक्रमों के लिये शैक्षणिक, प्रशासनिक कर्मचारियों और छात्रों के आदान-प्रदान को संयुक्त रूप से आयोजित करने के लिये किया है।
- इसके अलावा इससे एक-दूसरे के संकाय/छात्रों/विद्वानों को अनुसंधान की एक विस्तृत श्रृंखला को बढ़ावा मिलेगा। इसमें शामिल तथा चुनौतीपूर्ण समस्याओं के समाधान के लिये प्रशिक्षण/शैक्षणिक कार्यक्रम होने के लिये आमंत्रित करने पर सहमति बनी।
- इससे आईआईटी पटना प्रभावशाली अनुसंधान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ेगा। भारत और फ्राँस लंबे समय से सांस्कृतिक, व्यापार और आर्थिक संबंध साझा करते रहे हैं।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/agreement-for-academic-cooperation-between-french-institute-and-iit-patna